ओ सांवरे मेरी भर दो गगरिया

ओ सांवरे मेरी भर दो गगरिया,
ओ श्याम रे मेरी भर दो गगरिया,
भर दो भरा दो मेरे सिर पर धरा दो
ओ सांवरे बतला दो डगरिया
ओ सांवरे मेरी भर दो गगरिया.....

दिल्ली शहर एक खुली है बजरिया,
ओ सांवरे मुझे ला दो चुनरिया,
ओ सांवरे मेरी भर दो गगरिया.....

पहन ओढ़ अंगना हुई ठाडी,
ओ सांवरे मुझे लग गई नजरिया,
ओ सांवरे मेरी भर दो गगरिया.....

दिल्ली शहर एक वैध का लड़का,
ओ सांवरे दिखला दो नबजिया,
ओ सांवरे मेरी भर दो गगरिया.....

वैध का लड़का बड़ो छल बलिया,
ओ श्याम रे मोसे मांगे ननदिया,
ओ सांवरे मेरी भर दो गगरिया.....

सांस मेरी ले जाना जेठानी मेरी ले जा,
ओ सांवरे नहीं दूंगी ननदिया,
ओ सांवरे मेरी भर दो गगरिया.....

सांस तेरी बूढ़ी जेठानी तेरी काली,
हो राधिके तेरी गोरी ननदिया,
ओ सांवरे मेरी भर दो गगरिया.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26476/title/oh-sanwre-meri-bhar-do-gagariya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |